**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 654**
**उत्तर देने की तारीख 01 दिसम्बर, 2021**

## आदिवासी क्षेत्रों में संचार सेवाएं

**654. श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल; डॉ हिना विजयकुमार गावीत; डॉ सुजय विखे पाटील; डॉ श्रीकांत एकनाथ शिंदे; श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विभिन्न राज्यों के आदिवासी क्षेत्रों सहित देश के सभी गांवों को दूरसंचार सुविधाओं, विशेष रूप से मोबाइल टेलीफोन सुविधाओं से जोड़ा गया है और यदि हां तो राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ऐसे गांवों और उनके आदिवासी क्षेत्रों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सभी गांवों में दूरसंचार सेवाओं के विस्तार के लिए सरकार द्वारा निर्धारित और प्राप्त लक्ष्य और कार्य योजना, यदि कोई हो तो का ब्यौरा दें;
(ग) इंडिया पोस्ट बैंक (आईपीपीबी) की सथिति और इस बैंक की स्थापना द्वारा प्रदान किए जाने वाले/संभावित लाभ क्या है; और
(घ) आईपीपीबी द्वारा देश में अब तक खोली गई शाखाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और देश के सभी राज्यों में इसकी शाखाएं कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**संचार राज्य मंत्री**
**(श्री देवुसिंह चौहान)**

(क) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और दूरसंचार विभाग की फील्ड इकाईयों द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा के अनुसार 50% से अधिक आदिवासी जनसंख्या वाले 93 जिलों के 80% आबादी वाले गांवों की तुलना में देश के 96% आबादी वाले गांवों में दूरसंचार कनेक्टिविटी है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-। में संलग्न है।

(ख) भारत सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्रों (एनईआर) और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों, सीमांत क्षेत्रों, इच्छुक जिलों और द्वीपों सहित देश के ग्रामीण तथा मुख्य रूप से जनजातीय क्षेत्रों में दूरसंचार कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के तहत विभिन्न स्कीमों का कार्यान्वयन कर रही है। इसके अलावा सरकार और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा जनजातीय क्षेत्रों सहित देश के शेष गांवों को चरणबद्ध तरीके से कवर किया गया है। सरकार द्वारा दूरसंचार कनेक्टिविटी का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-।। में संलग्न है।

(ग) इंडिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक (आईपीपीबी) को संचार मंत्रालय, डाक विभाग के अंतर्गत स्थापित किया गया है जिसमें 100% इक्विटी का स्वामित्व भारत सरकार के पास है। आईपीपीबी ने दिनांक 01.09.2018 को राष्ट्रीय स्तर पर 650 शाखाए/नियंत्रण कार्यालय यानी देश के प्रत्येक जिले में लगभग एक के साथ शुरूआत की है। आईपीपीबी ने बैंकिग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 1.36 लाख डाक घरों को सक्षम बनाया है और लगभग 1.86 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों को पेपरलेस खाता खोलने, नकदी जमा करने/निकालने, एईपीएस, घरेलू मुद्रा अंतरण (डीएमटी), सरकार से नागरिकों (जी

2सी) को भुगतान, बिल भुगतान सेवाएं, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी), भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), जीवन बीमा और सामान्य बीमा सेवा के साथ मिलकर आधार के लिए मोबाइल नम्बर को अद्यतन करने के लिए घरों तक सेवाएं उपलब्ध कराने सहित घरों तक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु स्मार्टफोन और बायोमेट्रिक उपकरणों के साथ लैस कर दिया है।

(घ) इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक (आईपीपीबी) ने देश के प्रत्येक जिले में लगभग एक यानी 650 शाखाएं/ नियंत्रण कार्यालय स्थापित किए हैं।

**अनुबंध-I**

**माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 01.12.2021 को "जनजातीय क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं" के संबंध में पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 654 के उत्तर के पैरा (क) के संदर्भ में उललिखित अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | जनजातीय जिलों की संख्या | जनगणना 2011 के अनुसार आबादी वाले गांवों की कुल संख्या | दिसंबर 2020 को मोबाइल कनेक्टिविटी वाले आबादी वाले गांवों की संख्या | दिसंबर 2020 को मोबाइल कनेक्टिविटी रहित आबादी वाले गांवों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 90 | 37 | 53 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1 | 3072 | 1946 | 1126 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 13 | 4361 | 2305 | 2056 |
| 4 | असम | 2 | 3388 | 2861 | 527 |
| 5 | छत्तीसगढ | 5 | 5256 | 4446 | 810 |
| 6 | दादरा और नगर हवेली | 1 | 65 | 65 | 0 |
| 7 | गुजरात | 6 | 3329 | 3062 | 267 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 2 | 521 | 402 | 119 |
| 9 | झारखंड | 5 | 4139 | 3664 | 475 |
| 10 | कर्नाटक | 1 | 679 | 678 | 1 |
| 11 | लद्दाख | 2 | 236 | 172 | 64 |
| 12 | लक्षद्वीप | 1 | 6 | 5 | 1 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 6 | 5598 | 5128 | 470 |
| 14 | महाराष्ट्र | 1 | 930 | 744 | 186 |
| 15 | मणिपुर | 5 | 2082 | 1623 | 459 |
| 16 | मेघालय | 7 | 6459 | 4785 | 1674 |
| 17 | मिजोरम | 8 | 704 | 498 | 206 |
| 18 | नगालैंड | 11 | 1400 | 1256 | 144 |
| 19 | ओडिशा | 8 | 15652 | 11145 | 4507 |
| 20 | राजस्थान | 3 | 3427 | 3374 | 53 |
| 21 | सिक्किम | 1 | 52 | 44 | 8 |
| 22 | त्रिपुरा | 1 | 148 | 131 | 17 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | 2 | 3181 | 3162 | 19 |
| | कुल | **93** | **64775** | **51533** | **13242** |

**अनुबंध-II**

**माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 01.12.2021 को "जनजातीय क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं" के संबंध में पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 654 के उत्तर के पैरा (ख) के संदर्भ में उललिखित अनुबंध**

(क) भारतनेट परियोजना की सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण निम्नलिखित है:

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य** | **इस दिनांक तक सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतें (ब्लॉक मुख्यालय सहित)** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **मार्च-19** | **मार्च-20** | **मार्च-21** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 8 | 24 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1407 | 1648 | 1709 |
| 3 | अरूणाचल | 108 | 335 | 666 |
| 4 | असम | 1621 | 1622 | 1627 |
| 5 | बिहार | 5876 | 8461 | 8825 |
| 6 | चंडीगढ़ | 13 | 13 | 13 |
| 7 | छत्तीसगढ | 4074 | 4925 | 7598 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 38 | 39 | 39 |
| 9 | गोवा | 0 | 0 | 0 |
| 10 | गुजरात | 5449 | 11771 | 13517 |
| 11 | हरियाणा | 6187 | 6189 | 6203 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 227 | 281 | 371 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 655 | 875 | 1010 |
| 14 | झारखंड | 2388 | 2570 | 3742 |
| 15 | कर्नाटक | 6117 | 6246 | 6247 |
| 16 | केरल | 1129 | 1129 | 1129 |
| 17 | लद्दाख | 50 | 167 | 184 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 12706 | 13109 | 15351 |
| 20 | महाराष्ट्र | 15173 | 15843 | 19155 |
| 21 | मणिपुर | 322 | 953 | 1429 |
| 22 | मेघालय | 187 | 256 | 580 |
| 23 | मिजोरम | 32 | 235 | 422 |
| 24 | नगालैंड | 98 | 129 | 222 |
| 25 | ओडिशा | 3616 | 4186 | 6071 |
| 26 | पुदुचेरी | 101 | 101 | 101 |
| 27 | पंजाब | 7945 | 12676 | 12803 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28 | राजस्थान | 8564 | 8817 | 8979 |
| 29 | सिक्किम | 17 | 28 | 28 |
| 30 | तमिलनाडु | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तेलंगाना | 2047 | 2047 | 3748 |
| 32 | त्रिपुरा | 529 | 690 | 737 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 28207 | 29157 | 31531 |
| 34 | उत्तराखंड | 1508 | 1530 | 1565 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 2128 | 2373 | 2498 |
| | कुल | **118519** | **138409** | **158124** |

(ख) सेवा से वंचित 354 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार गांवों का विवरण निम्नलिखित है:

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **इस दिनांक तक कवर किए गए गांवों की संख्या** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **मार्च-19** | **मार्च-20** | **मार्च-21** |
| 1 | बिहार | 0 | 0 | 8 |
| 2 | गुजरात | 0 | 0 | 16 |
| 3 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 4 |
| 4 | जम्मू | 0 | 0 | 12 |
| 5 | कर्नाटक | 0 | 0 | 3 |
| 6 | कश्मीर | 0 | 0 | 11 |
| 7 | राजस्थान | 0 | 0 | 24 |
| 8 | उत्तर प्रदेश | 0 | 0 | 2 |
| 9 | उत्तराखंड | 0 | 0 | 14 |
| 10 | पश्चिम बंगाल | 0 | 0 | 1 |
| | कुल | **0** | **0** | **95** |

**नोट**: सेवा से वंचित 354 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए अप्रैल 2020 में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

(ग) पूर्वोत्तर क्षेत्र के असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश के सेवा से वंचित गांवों में मोबाइल सेवाओं (केवल राष्ट्रीय राजमार्ग) और राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ निर्बाध कवरेज हेतु गांवों का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण निम्नलिखित है:

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **इस दिनांक को गांवों की संख्या** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **मार्च-19** | **मार्च-20** | **मार्च-21** |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 |
| 2 | असम | 82 | 443 | 530 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | मणिपुर | 12 | 276 | 382 |
| 4 | मिजोरम | 9 | 172 | 213 |
| 5 | नगालैंड | 2 | 96 | 112 |
| 6 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 |
| 7 | सिक्किम | 0 | 7 | 8 |
| | कुल | 105 | 994 | 1245 |

**नोट**: अरूणाचल प्रदेश में केवल राष्ट्रीय राजमार्ग वाले स्थल शामिल हैं।

**<u>अनुबंध-III</u>**

**माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 01.12.2021 को "जनजातीय क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं" के संबंध में पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 654 के उत्तर के पैरा (घ) के संदर्भ में उललिखित अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | शाखाओं/नियंत्रण कार्यालयों की कुल सं. |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 24 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 10 |
| 4 | असम | 26 |
| 5 | बिहार | 38 |
| 6 | चंडीगढ़ | 2 |
| 7 | छत्तीसगढ | 27 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 1 |
| 9 | गोवा | 2 |
| 10 | गुजरात | 31 |
| 11 | हरियाणा | 20 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 12 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 7 |
| 14 | झारखंड | 22 |
| 15 | कर्नाटक | 31 |
| 16 | केरल | 14 |
| 17 | लक्षद्वीप | 1 |
| 18 | लद्दाख | 1 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 42 |
| 20 | महाराष्ट्र | 40 |
| 21 | मणिपुर | 9 |
| 22 | मेघालय | 8 |
| 23 | मिजोरम | 6 |
| 24 | नगालैंड | 9 |
| 25 | ओडिशा | 33 |
| 26 | पुदुचेरी | 2 |
| 27 | पंजाब | 21 |
| 28 | राजस्थान | 33 |
| 29 | सिक्किम | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 30 | तमिलनाडु | 35 |
| 31 | तेलंगाना | 23 |
| 32 | दिल्ली के एनसीटी | 3 |
| 33 | त्रिपुरा | 5 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 73 |
| 35 | उत्तराखंड | 12 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 25 |
| | कुल | **650** |

*****